NT>

Title: Need for construction of a flyover at Chilbilla in Pratapgargh District on Faizabad-Allahabad National Highway, U.P.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : सभापति महोदय, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ शहर के बीचों-बीच चिलबिला स्थान पर उपरि पुल बनाये जाने की आवश्यकता की ओर दिलाना चाहती हूं। यह स्थान फैजाबाद और इलाहाबाद के मार्ग पर स्थित है और मौजूदा समय में इस मार्ग को राट्रीय राजमार्ग में घोाित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश के ही नहीं अपितु अन्य राज्यों के व्यावसायिक वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। चिलबिला मार्ग पर आये दिन जाम रहता है और यह जाम कई घंटों तक रहता है जिससे यहां के लोगों को बहुत दिक्कत होती है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि फैजाबाद और इलाहाबाद के बीच इस राजमार्ग के प्रतापगढ़ जिले के चिलबिला स्थान पर एक उपरि पुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये।